प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

28.05.2025/प्रादेशिक समाचार/15:00बजे

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल

आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने का भारत का संदेश और सीमा पार से आतंकवाद के मामले पर पाकिस्तान को बेनकाब करने के उद्‌देश्य से विश्वभर में भेजे गये भारत के बहुदलीय प्रतिनिधि मंडलों की यात्रा के दौरान अलग–अलग देशों में नेताओं, सांसदों, बुद्धिजीवियों, मीडिया और नागरिक समाज के साथ उनकी बातचीत के माध्यम से दिया जा रहा है। जनता दल युनाइटेड के सांसद संजय झा की अगवाई में संसदीय प्रतिनिधिमंडल आज जकार्ता, इंडोनेशिया पहुंच गया है। यह भारत के ऑपरेशन सिंदूर पर किए गए कूटनीतिक प्रयास का हिस्सा है। अभी तक इस प्रतिनिधिमंडल ने जापान, दक्षिण कोरिया और सिंगापुर का दौरा किया है, जो भारत द्वारा पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक अभियान का हिस्सा है। इस प्रतिनिधिमंडल ने अंतर संसदीय सहयोग समिति के उपाध्यक्ष मुहम्मद हुसैन फदलुल्लाह और इंडोनेशिया–भारत संसदीय मित्रता समूह के अध्यक्ष मुहम्मद रॉफीक से मुलाकात की। सांसद संजय झा ने कहा कि उनका उद्देश्य भारत के आतंकवाद के खिलाफ मजबूत प्रतिबद्धता को समझाना था। उन्होंने भारत के जीरो टॉलरेंस दृष्टिकोण का समर्थन किया।

एक अन्य बहु–पार्टी प्रतिनिधिमंडल, जिसका नेतृत्व शिवसेना के सांसद श्रीकांत शिंदे कर रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल ने डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो की यात्रा समाप्त कर सिएरा लियोन के लिए प्रस्थान किया है।

भारतीय जनता पार्टी के सांसद रवि शंकर प्रसाद की अगुवाई में सभी दलों का संसदीय प्रतिनिधिमंडल रोम पहुंच गया है, जहां उनका स्वागत वानी राव एंबेसडर ने किया। रोम में, यह प्रतिनिधिमंडल संसद सदस्यों, थिंक टैंकों और मीडिया के साथ बातचीत करेगा। वे इटली में भारतीय समुदाय के विभिन्न वर्गों से भी मिलेंगे। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में पनामा पहुंचे भारतीय सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडल ने वहां की संसद की अध्यक्ष डाना कास्टानेडा के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत को युद्ध छेडने में कोई दिलचस्पी नहीं थी लेकिन ऐसा महसूस किया गया कि आतंकवाद से जुडी हरकतों का उचित दंड अवश्य दिया जाना चाहिए। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद चन्द्र पवार की नेता सुप्रिया सुले के नेतृत्व में दक्षिण अफ्रीका पहुंचे। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने सीमापर से आतंकवाद को बर्दाश्त न करने की भारत की नीति की हिमायत की।

..........................................................

भाजपा ज्ञापन

प्रदेश भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में आज शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल, प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सहप्रभारी संजय टंडन और भाजपा सांसद व विधायक मौजूद रहे। इस दौरान भाजपा ने ज्ञापन में प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार, अनुशासनहीनता और प्रशासनिक विफलता के गंभीर आरोप लगाए हैं। बाद में पत्रकारों से बातचीत में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार की कार्यशैली व नीतियां संदेहास्पद हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने सीबीआई जांच को स्वीकार तो किया है लेकिन तथ्यों से स्पष्ट है कि सरकार इस जांच में सहयोग नहीं कर रही। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि कई मामलों में सबूतों के साथ छेड़छाड़ और उन्हें नष्ट करने के प्रयास किए गए हैं। उन्होंने कहा कि ज्ञापन में भाजपा ने विमल नेगी मृत्यु से संबंधित सबूतों से छेड़छाड़ और उन्हें नष्ट न करने को सुनिश्चित बनाने की मांग की है। इसके अलावा सबूतों से छेड़छाड़ से संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करने और अफरशाही में अनुशासन लाने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक शिमला को बर्खास्त करने की भी मांग की गई है।

.........................................................

उपमुख्यमंत्री

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने हरोली विधानसभा में 50 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण किए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सरकार कृतसंकल्प है और जनसुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। इस दौरान उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने ग्राम पंचायत छेत्रां के 10 ज़रूरमंद परिवारों को एक लाख रुपए की सहायता राशि के  चेक वितरित किए। साथ ही उन्होंने कहा कि छेत्रां ग्राम पंचायत में जल्द ही सामुदायिक भवन बनाया जाएगा।

.........................................................